राजस्थान सरकार

कार्यालय आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 4( ) आयो/आकाशि/कार्ययोजना/2019/689 दिनांक 02अप्रेल, 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– राजकीय महाविद्यालयों की 100 दिवसीय कार्ययोजना की क्रियान्विति प्रगति रिपोर्ट के संबंध में।
सन्दर्भः–आयुक्तालय के परिपत्र क्रमांक 584 दिनांक 31.01.2019 व परिपत्र क्रमांक 636 दिनांक 27.02.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि महाविद्यालय की 100 दिवसीय कार्ययोजनों के प्रस्ताव के प्रत्युत्तर में आपके महाविद्यालय की आदिनांक प्रगति रिपोर्ट मय विवरण आयुक्तालय की ईमेल आईडी **jdplan.cce@rajasthan.gov.in** पर अविलंब प्रेषित करें।

जो प्रस्ताव महाविद्यालयों द्वारा प्रभारी अधिकारी के माध्यम से आयुक्तालय को प्रेषित किये गये है के संबंध में लेख है कि इन प्रस्तावों पर महाविद्यालयों द्वारा की गई क्रियान्विति की प्रगति रिपोर्ट आवश्यक रूप से दिनांक 08 अप्रेल 2019 तक आयुक्तालय के आयोजना शाखा की ईमेल आईडी **jdplan.cce@rajasthan.gov.in** पर प्रेषित करवाया जाना सुनिश्चित करें। इस आधार पर सरकार को प्रतिवेदन प्रेषित किया जाना है, अतः इसे प्राथमिकता प्रदान करें। राजकीय महाविद्यालयों की 100 दिवसीय कार्ययोजना की क्रियान्विति प्रगति रिपोर्ट में निम्न बिन्दुओं पर रिपोर्ट तैयार कर भेजें–

1. प्रस्ताव/कार्य
2. लाभार्थी संख्या
3. प्रगति
4. वित्तीय व्यय एवं स्त्रोत
5. वर्तमान स्थिति(जारी है/पूर्ण हो चुका है)

इसी क्रम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि सत्र 2019–20 के लिये उपर्युक्त चारो वर्गो विद्यार्थी, संस्था, संकाय सदस्य व सामाजिक सरोकार को केन्द्र में रखते हुये वार्षिक योजना के प्रस्ताव भी उन्हीं प्रपत्रों में तैयार करके दिनांक 15 अप्रेल 2019 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

(प्रदीप कुमार बोरड IAS)
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव ,उच्च शिक्षा,राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः एफ 4( ) आयो/आकाशि/कार्ययोजना/2019/690 दिनांक 02 अप्रेल, 2019

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

दीपाली भार्गव

संयुक्त निदेशक (आयोजना),
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,जयपुर।